## सार-समाचार

### सिवरेज से खराब हो रही झीलें

**उदयपुर** । रविवार को आयोजित झील संवाद में झीलों के प्रति प्रशासनिक व नागरिक उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। झील विशेषज्ञ डॉ अनिल मेहता ने कहा कि झीलों के आसपास बढ़ते पर्यटक वाहनों से धुंए तथा टायर घिसाव के बारीक प्रदूषक कण वायु को प्रदूषित कर बीमारियों को बढ़ा रहे हैं। वहीं झीलों में पहुंच ये जहरीले प्रदूषक तत्व पेयजल गुणवत्ता को भी खराब कर रहे हैं। कई स्थानों से सिवरेज झीलों में पहुंच रहा है। झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि झीलों के किनारों पर गंदगी के ढेर लगें है। सफाई कर्मचारी नजर नहीं आते। दीपावली पर्व अवधि से ही झील सफाई में निरंतर शिथिलता बरती जा रही है।पर्यावरणविद नंद किशोर शर्मा ने कहा कि कचरे पात्र के अभाव में सैलानी मिनरल वाटर, शराब की बोतलों एवं प्लास्टिक रैपर इत्यादि कचरे को झीलों के आसपास व भीतर विसर्जित कर रहे है। यह चिंता जनक है। युवा पर्यावरण कार्यकर्ता कुशल रावल ने कहा कि स्थानीय नागरिक भी अपने घर , दुकानों के कचरे को झीलों में फैंक रहे है। इससे झीलों के पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। वरिष्ठ नागरिक द्रुपद सिंह ने निगम एवं यूडीए से आग्रह किया कि झील स्वच्छता को दुरस्त रखने के लिए जिम्मेदार नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं ।

### विचार गोष्ठी का आयोजन

**उदयपुर** । अखिल भारतीय साहित्य परिषद की झाड़ोल फ़लासिया इकाई का पीपलेश्वर महादेव प्रांगण में विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजस्थान क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ .विपिन पाठक ने नवोदित सभी लेखकगण से चर्चा परिचर्चा कर लेखन हेतु प्रेरित किया व सभी से संवाद किया। जिला संयोजक ओम प्रकाश शर्मा , विभाग संयोजक डॉ आशीष सिसोदिया का ऊर्जावान प्रेरक ,समाजहित, राष्ट्र हित में साहित्यिक मार्गदर्शन और पाथेय मिला। इकाई अध्यक्ष मदन जोशी सार्थक ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद झाड़ोल फ़लासिया इकाई की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत किया और अनवरत साहित्य गतिविधियों को करते रहने का संकल्प लिया। सरंक्षक डॉ.बाल गोपाल शर्मा ने साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

### कथा के द्वितीय दिवस शिव पार्वती विवाह प्रसंग

**राजसमंद।** श्रीराम कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ से संबोधन करते हुए साध्वी सुहृदय गिरि ने कहा कि व्यक्ति को ज्ञान का अभिमान नहीं करना चाहिए। अभिमान से फू ला व्यक्ति में बडा में बडा कहने में ही अपना समय क्षीण कर देता है। साध्वी सुहृदय गिरि ने अपने प्रवचन में कहा कि व्यक्ति के आचरण पर निर्भर करता है कि वह विख्यात बनेगा या कुख्यात। भगवान राम मनुष्य योनि में जन्म लेकर सद्कर्मों से विख्यात हो गए वहीं रावण अपनी राक्षसी प्रवृत्तियों के चलते कुख्यात हो गया। मनुष्य जन्म लेकर इस धरा पर पैदा हुए है तो राम के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करें। संसार में रहकर भी राग द्वेष से मुक्त रहना सीखे। शिव पार्वती विवाह प्रसंग का सजीव चित्रण करते हुए साध्वी ने कहा कि शिव विवाह को सिर्फ ज्ञान चक्षुओं से ही देखा जा सकता है। कथा के प्रारंभ में व्यास पीठ का पूजन यजमान संजय सविता सनाढ्य, प्रेम कुमार शर्मा, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, गिरीश अग्रवाल, पार्षद प्रहलाद सिंह ने किया। कथा श्रवण के दौरान अपार जन समुदाय उपस्थित था। इस दौरान पुष्पा आसोलिया, पुष्पा साहू, राधा गौड, मंजू मुद्गल, अनुराधा लड्ढा, पुष्प मंत्री, सरोज गट्टाणी, कांता लड्ढा, चंदा देवपुरा, प्रेम बल्दुआ, चंदन सिंह आसोलिया, जयेश शर्मा, गिरिराज काबरा, राम प्रकाश सोमानी, दिनेश मित्तल, अर्जुन लड्ढा, लटूरराम बलाई, गिरिजाशंकर पालीवाल, गोपाल गट्टाणी, शिवलाल खींची, बीएल अजमेरा सहित सैकडों श्रद्धालुओं ने आरती पूजन और कथा श्रवण का लाभ लिया।

### प्रतियोगिता का समापन

**डूंगरपुर** । जिला वालीबाल संघ डूंगरपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई वॉलीबॉल में चुन्डावाड़ा विजेता एवं सिटी क्लब उपविजेता शहर के मध्य लक्ष्मण मैदान में फाइनल में चुन्डा वाडा ने सिटी क्लब को दो एक से हराकर विजेता रही सिटी क्लब उप विजेता रही समापन समारोह में जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर पी ई ईओ ओडा –बड़ा विपिन पंड्या सहायक उप निरीक्षक पुलिस रफीक मोहम्मद ने खिलाडी को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया संघ के सचिव हेमेंद्र माली ने बताया कि प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया और महिला वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया इन टीमों से चयनित खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजगढ़ चूरू में दिनांक 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगी जिसमें डूंगरपुर की महिला व पुरुष दोनों टीमें भाग लेंगी प्रतियोगिता में संघ के पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह राव व्याख्याता शारीरिक शिक्षक वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कांतिलाल रोत गजेंद्र साद अरविंद डामोर सोमेश्वर भगोरा महेश जोशी दयाराम रोत धनराज भमात अनीता डामोर नर्मदा डामोर प्रियंका आदि ने प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया

### देववंदन में पांच ज्ञानो की हुई पूजा अर्चना

**डूंगरपुर।** श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में तथा जैन सोसाइटी स्तिथ संभवनाथ उपाश्रय में ज्ञान पूजा के विविध धार्मिक कार्यक्रम विधि विधान के साथ हुए। साथ ही इस अवसर पर प्रात: सकल संघ के सानिध्य में नेमिनाथ मंदिर से घाटी स्तिथ पार्श्वनाथ मंदिर पद यात्रा के रूप में पहुंच कर विविध कार्यक्रम हुए। संघ के अध्यक्ष हर्ष जैन ने बताया कि ज्ञान पंचमी के अवसर पर संघ के सानिध्य में प्रात: 9 बजे पूण्य प्रवचन हॉल में देववंदन का कार्यक्रम होने के साथ साथ ज्ञान की पूजा और इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही लाभ पंचमी के अवसर पर धर्म प्रेमियो ने अपने प्रतिष्ठानों में भी इससे पूर्व पूजा अर्चना की। इससे पूर्व सकल संघ के प्रतिनिधि मंगल गीत गाते हुए नेमिनाथ मंदिर से घाटी स्तिथ गम्भीर पार्श्वनाथ मंदिर पहुचे जहा पर पक्षाल केसर पूजा फूल पूजा के कार्यक्रम हुए तथा भाग्य भक्ति ड्रा के विजेताओं को लाभार्थी अनिल कुमार मेहता परिवार द्वारा बहुमान किया गया। इसके पश्चात पुण्य प्रवचन हॉल में समवशरण के समक्ष महिला एवं पुरुषो ने ज्ञान कि पूजा की तथा देव वंदन के दौरान मति ज्ञान, श्रुत ज्ञान, अवधि ज्ञान, मन परव्य ज्ञान एवं केवल ज्ञान की आराधना की। इसी तरह संभवनाथ उपाश्रय में भी ज्ञान पंचमी के अवसर पर कार्यक्रम हुए। जिले भर में जैन श्वेताम्बर संघ के प्रतिनिधियों ने ज्ञान पूजा पर कार्यक्रमों का आयोजन की। इस दौरान श्री संघ के प्रतिनिधि, महिला मंडल, नवयुवक मंडल संयुक्त धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

### डूगरपुर एक बार और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**डूंगरपुर** । संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्य को पुरा करने मे भारत स्काउट गाइड कार्य कर रहा है जिसमे राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा गोल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों का चयन किया गया जिन्हे राष्ट्रीय स्तर पर आज आयोजित स्वराज मैदान मुदबिदे, मैग्लूरु, कर्नाटका मे आयोजित समारोह मे सी ओ स्काउट भाविक सुथार को मुख्य अतिथि श्री पी जी आर सिंधिया सेक्ट्री जनरल भारत स्काउट गाइड, श्री मधु सुधन अलावा अतिरिक्त अंतराष्ट्रीय कमीशनर व आलेंद्र शर्मा सहायक निदेशक द्वारा मेसेजनर और पीस स्टार अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया । स्काउट गाइड मे डूंगरपुर जिले की यह विशेष उपलब्धि है और इस अवार्ड को प्राप्त करने वाले राजस्थान के यह प्रथम सी ओ है यह अवार्ड और पिछले कई वर्षो से स्काउट गाइड के माध्यम से विश्व स्तर पर, स्काउट आंदोलन के विश्व संगठन की 2014 से 26 वर्ष से कम आयु के स्काउट्स को उनके उत्कृष्ट कार्य और समुदाय में उनके योगदान के लिए शांति दूत लीडर पुरस्कार से सम्मानित करने की परंपरा रही है और इसी तर्ज पर, विश्व स्काउट ब्यूरो, एशिया रीजन भी स्काउट्स और लीडर द्वारा समुदाय में उनके उत्कृष्ट सामुदायिक सेवा, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और शांति की संस्कृति के निर्माण एवं संवर्धन में जमीनी स्तर पर स्काउटिंग/गाइडिंग के प्रयासों और योगदान मे उपलब्धि ।

### प्रेमप्रकाश सचिव बने

**बांसवाड़ा** । चैबीसा मेवाड़ा ब्राह्मण समाज के चुनाव मोहन कॉलोनी स्थित संस्था भवन में चुनाव अधिकारियों उमाकान्त जोशी एवं सुशील जोशी के निर्देशन में शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुए। जिसमें ललित मोहन जोशी अध्यक्ष, प्रेमप्रकाश जोशी सचिव एवं मनकामेश्वर जोशी कोषाध्यक्ष चुने गए। सक्रिय कार्यकारिणी सदस्यों में कुंजबिहारी जोशी, गिरीश जोशी, माधव जोशी, ललित जोशी, संजय जोशी, दिनेश जोशी, महेश जोशी, निमेष जोशी, हीरालाल जोशी, आशीष जोशी, वीरेन्द्र जोशी एवं आनन्द जोशी को शामिल किया गया।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण उतरे सड़क पर

- 800 परिवार जल संकट से त्रस्त
- गांव में एक ही नल कनेक्शन

**उदयपुर, (का.स.)** । सलूंबर जिले के सेमारी सुरखंड खेड़ा गांव में ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। वर्षों से चली आ रही मूलभूत सुविधाएं नहीं होने और बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर सैकड़ों ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि जयसमंद परियोजना के तहत गांव में मात्र एक ही नल कनेक्शन है। वहां भी कई महीनों से पानी नहीं आता। हर घर नल, हर घर जल योजना के अंतर्गत अब तक एक भी नया कनेक्शन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जयसमंद परियोजना के तहत गांव में मात्र एक ही नल कनेक्शन है। वहां भी कई महीनों से पानी नहीं आता। श्हर घर नलए हर घर जल योजनाश् के अंतर्गत अब तक एक भी नया कनेक्शन नहीं दिया गया। गांव में 40-50 वर्ष पुरानी पाइपलाइनों के टूट.फूट जाने और गहराई में दबे होने से मरम्मत भी असंभव हो गई है।गाँव के 800 परिवार जल संकट से त्रस्त है और सरकारी योजना कागजो में सरक रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के मुख्य चौराहों और गलियों में कचरे के ढेर लगे हैं। नालियां वर्षों से साफ नहीं हुईं। इससे दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। पंचायत भवन से मात्र 10 मीटर की दूरी पर भी गंदगी के कई ढेर लगे हैं। स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर हर साल लाखों रुपए खर्च होते हैं,लेकिन जमीनी स्तर पर सफाई का असर नजर नहीं आता है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन लाख रुपए की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय आज पूरी तरह निष्क्रिय है। न वहां बोरवेल है न पानी की टंकी। शौचालय के दरवाजे टूट चुके हैं। दीवारें जर्जर हैं। और गंदगी का अंबार लगा है।गांव में दो वर्ष पहले बना पशु चिकित्सालय अभी तक चालू नहीं हुआ है। वहां तक जाने का कोई पक्का रास्ता नहीं है जिससे बरसात में पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है। इसी तरह एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत बनाई गई पौधशाला भी पूरी तरह उजड़ चुकी है। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने कहा. गांव की मुख्य सड़कों और गलियों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं।अंधेरे के कारण ग्रामीणों को रात में असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। कई पुराने हैंडपंप भी वर्षों से बंद पड़े हैं। इस पर पंचायत प्रशासन मौन है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे पंचायत समिति सेमारी का भी घेराव करेंगे।

## मानगढ क्रिकेट कप सीजन 4 का उद्घाटन

- एक माह लगेगा क्रिकेट का मेला

**बांसवाड़ा** । जिला क्रिकेट संघ की ओर से मानगढ़ कप सीजन 4 का शुभारंभ ठीकरिया स्थित हरिदेव जोशी खेल मैदान पर पूर्व सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी के मुख्य आतिथ्य, जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष प्रेम प्रताप सिंह मालवीया की अध्यक्षता तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विमल चैबीसा व जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईडा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। आयोजन समिति अध्यक्ष नटवर तेली ने बताया कि प्रतियोगिता में 87 टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का प्रत्येक मैच नॉकआउट पद्धित से खेला जाएगा। साथ ही पिछले दो सीजन की तरह इस बार भी क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल मैच तक के आयोजन कुशलबाग मैदान में रात्रिकालीन दूधिया रोशनी में आयोजित करवाए जाएंगे। अतिथियों का स्वागत करते हुए क्रिकेट संघ के सचिव मनीष देव जोशी ने प्रतियोगिता में भाग ले रही टीम के खिलाड़ियों से अनुशासन के साथ क्रिकेट खेलने व प्रतियोगिता को सफल बनाने में हरसंभव योगदान देने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि नगर परिषद् के पूर्व सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि उन्होंने क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरफ से हरसंभव कोशिश की है एवं आगे भी जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए उनके पास जब भी कोई आएगा वे पूरी कोशिश करेंगे।

उन्होंने ठीकरिया स्थित स्टेडियम को लेकर अपने कार्य और अनुभव साझा करते हुए बताया कि कोरोना काल में नरेगा श्रमिकों के माध्यम से इस स्टेडियम का उद्धार किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों एवं युवाओं का आ ान किया कि वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तरणताल के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये आवाज बने। अतिरिक्त शिक्षाधिकारी विमल चैबीसा ने कहा कि वागड़ क्षेत्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट दिये हुए है ऐसे में उन्हें आदर्श मानकर अपना और क्षेत्र का नाम रौशन करना होगा। जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईडा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि तीरंदाजी के साथ ही अन्य खेलों में भी इस क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपना परचम फहराया है। संचालन करते हुए कपिल जोशी ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता ने राज्य में उपलब्धि दर्ज कराई है। आभार अनिल पटेल ने माना। कार्यक्रम के दौरान डीसीए के पदाधिकारी मुकेश शर्मा, जयेश जानी, समीर बेलिम, असलूब खान, अजय सोलंकी व वरिष्ठ खिलाड़ी शाहिद खान, मगन पंवार, रमेश तंवर, ललित जोशी, एडवोकेट इमरान खान पठान, योगेश पंड्या, सुरेश कलाल, महेंद्र सिंह, वसीम खान, शरीफ खान, साजिद खान, मृदुल जोशी, पराग चैबीसा, हेमांक पाठक, बुरहान रतनामी, भूषण त्रिवेदी, दिविक याग्निक आदि मौजूद रहे।

### डॉ. विप्लवी का दिल्ली में सम्मान

**उदयपुर** । पं.दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन.मथुरा द्वारा रविवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में उदयपुर के भाजपा नेता व पूर्व पार्षद, दीनदयाल उपाध्याय के पत्रकार जीवन के शोधार्थी व पत्रकार दीनदयाल उपाध्याय पुस्तक के लेखक डॉ. विजय विप्लवी को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के संयोजक डॉ.किरण बांगले ने बताया कि रविवार को दिल्ली ०में आयोज्य समारोह के मुख्य अतिथि झांसी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार थे।

अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ.इंदुभूषण मिश्रा ने की। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए डॉ. विपूवी ने दीनदयाल उपाध्याय के विविध जीवन प्रसंगों की चर्चा करते हुए सम्मान के लिये आभार व्यक्त किया। वहीं डॉ.विपूवी व डॉ. कुंजन आचार्य की सहलिखित पुस्तक श् पत्रकार दीनदयाल उपाध्यायश् को राजस्थान सरकार के भाषा विभाग ने वर्ष 2025 का हिंदी सेवा पुरस्कार भी प्रदान किया है।

### प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में की शिरकत

**राजसमन्द।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 15०वीं जयंती पर सरदार 15० अभियान के निमित सवाई मानसिंह स्टेडियम पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के सानिध्य में आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल व कार्यक्रम जिला संयोजक अशोक रांका ने भी भाग लिया। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि इस कार्यशाला को लेकर जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 15०वीं जयंती पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 31अक्टूबर से 25 नवंबर तक होने वाले विविध कार्यक्रमो को लेकर भी कार्यशाला में चर्चा हुई ।

## सायरा प्रकरण में लगाई राजस्थान शव सम्मान अधिनियम की धारा

- पहली बार इस धारा का हुआ उपयोग

**उदयपुर** । उदयपुर के सायरा में कार की टक्कर से बाईक सवार की मौत होने के बाद पुलिस ने आरोपियों पर राजस्थान शव सम्मान अधिनियम की धारा भी लगाई है। पहली बार इस धारा का उपयोग किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सायरा थाना इलाके में जागड़ों की भागल निवासी अंबालाल गमेती (28) की गुरूवार दोपहर को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के शव के साथ ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था और मार्ग अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने भीड़ को सड़क से उठाने का प्रयास किया तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोडक़र भीड़ को खदेड़ा। ग्रामीणों की ओर से हुए पथराव में पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

मामले में पुलिस ने 29 आरोपियों पर सरकारी संपत्ति में तोडफ़ोड़ और पुलिसकर्मियों पर हमला करने, शव का अपमान करने का धारा राजस्थान शव सम्मान अधिनियम 2023 की धारा भी लगाई है। इस धारा का संभवत: पहली बार उपयोग किया गया है। इधर पुलिस ने आरोपियों को शनिवार को उदयपुर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया है।

आपको बतादें कि इस कानून के तहत शवों के साथ विरोध प्रदर्शन करने वालों को छह महीने से पाँच साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। यह विधेयक शवों का सम्मान सुनिश्चित करने के साथ.साथ लावारिस शवों के डेटा और अंतिम संस्कार से संबंधित प्रावधान भी करता है।

## सजाओ प्रतियोगिता परिणाम घोषित

**उदयपुर,** । उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा रहे। चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन के साथ हुई। इसके पश्चात् व्यापारियों द्वारा गीतों की प्रस्तुतियां एवं हाऊजी गेम हुए जिनमें उपस्थित सदस्यों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। गीत-संगीत की प्रस्तुति ने वातावरण को मनोरम बना दिया। व्यापारियों ने मंच पर आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया निर्णायक मण्डल में जिला प्रशासन की ओर से दिनेश कुमार मंडोवरा (उपायुक्त, नगर निगम उदयपुर), संजय मीणा (यूआईटी उदयपुर), राजीव सुखवाल (जिला शिक्षा अधिकारी) शामिल रहे। अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि सभी निर्णायकों द्वारा बाजारों की सजावट में विभिन्न बिंदुओं पर अंक दिए गए ।

### राजू को दी ट्राईसाईकिल

**बांसवाड़ा** । लेखराज फाउंडेशन की ओर से भगवान महावीर विकलांग समिति उदयपुर के सहयोग से सागड़ौद निवासी राजू डोडियार को ट्राईसाईकिल प्रदान की गयी। राजू ने बताया कि पहले वह ड्राइविंग करता था लेकिन एक्सीडेंट के कारण दोनों पैरों ने काम करना बंद कर दिया जिससे उसका चलना फिरना बंद हो गया।

## शाह के कुशल नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा हिंदूस्तान : गुप्ता

- केंद्रीय गृहमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा नेता एवं पूर्व सभापति ने की भेंट
- बूके देकर दी जन्मदिन की बधाई, स्वच्छता में किए गए कार्यो से कराया अवगत

**डूंगरपुर** । भाजपा नेता, स्वच्छ भारत मिशन के प्रदेश समन्वयक एवं पूर्व सभापति के.के. गुप्ता ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जन्मदिन पर भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहें।

गुप्ता ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह को बूके भेंटकर जन्मदिन का बधाई संदेश प्रेषित किया और उनके गृहक्षेत्र में स्वच्छता को लेकर किए गए कायो से अवगत कराया। गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने हरसंभव प्रयास किए जा रहे है परंतु निचले स्तर पर इसे जिस तरह से गंभीरता से लेना चाहिए अधिकारी नहीं ले रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि अगर हमारी इच्छा शक्ति मजबूत है तो हम स्वच्छता को धरातल पर उतार सकते हैं माननीय गृहमंत्री के गृह क्षेत्र में रूपाल मोडासर एवं मानकोल देश में नंबर वन नंबर तीन और नंबर पांच आ सकते हैं तो बाकी शहर और गांव भी स्वच्छ बनाए जा सकते हैं तथा बताया कि स्वच्छता सब की प्रिय है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी एवं माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा मेरे द्वारा किए गए स्वच्छता पर कार्यों की प्रशंसा करना ही अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह के कुशल नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर क्षेत्र में मान, सम्मान और गौरव पा रहा है। गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह ने भारतभूमि का यश विश्व में बढ़ाया है। आज सर्वसमर्थ भारत की कल्पना धरातल पर उतरने लगी है। आत्म निर्भरता की दिशा में भारत का डंका बजने लगा है। देश की सीमाएं सुरक्षित है, आतंकवाद पर प्रभावी अंकुश पाया जा सका है। मोदी सरकार में नीतिगत निणर्यों और कड़े फैसलों से प्रतिद्वंदी तथा दुश्मन देशों को करारा जवाब मिलने लगा है। देश की आंतरीक सुरक्षा के मुद्दे पर भारत नई ताकत बनकर उभरा है।

गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने बताया है कि अगर देश को विकसित भारत समृद्ध भारत एवं विश्व गुरु बनाना है तो सबसे पहले स्वच्छता को धरातल पर उतरना होगा तथा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता मिशन को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएं तो आशातीत परिणाम सामने आएंगे। स्वच्छता को लेकर हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। यदि भारत सरकार स्वच्छता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सख्त कदम उठाएं तो बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

### खेलकूद प्रतियोगिता 26 दिसम्बर से

**बांसवाड़ा** । हाड़खरा पटेल समाज की खेलकूद एवं शिक्षा समिति की बैठक सालिया में कोदर सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ समाजसेवी पर्वतसिंह गोयल की अध्यक्षता तथा कालूसिंह पटेल व भगवती सिंह पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। प्रारंभ में खेलकूद समिति के अध्यक्ष रणछोड़ गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह एवं खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए 9 नवम्बर को छात्रावास परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही राजकीय सेवा में नवचयनित एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाजबंधुओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता 26 दिसम्बर से सालिया में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी सीनियर वर्ग, वॉलीबॉल, चम्मच दौड़, नींबू दौड़, रंगोली प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई रोचक स्पर्धाएं होंगी।

## सार-समाचार

### 'सागवान' में अंधविश्वास को दूर करते दिखेगा पुलिस अधिकारी का संघर्ष

**उदयपुर** । दक्षिणी राजस्थान के घने जंगलों में बनाई गई फिल्म 'सागवान' अंधविश्वास और कुरीतियों में जकड़े समाज की सच्चाई को उजागर करने के लिए पुलिस अधिकारी का संघर्ष देखने को मिलेगा। फिल्म में पुलिस अधिकारी हिमांशु सिंह राजावत मुख्य किरदार में दिखेंगे जो इन कुरीतियों को उजागर करने के लिए संघर्ष करते दिखेंगे। रविवार को फिल्म 'सागवान' की जानकारी देते हुए फिल्म के प्रोडयूसर प्रकाश मेनारिया, अर्जुन पालीवाल, नितिन श्रीमाली व भूपेन्द्र दुलावत ने बताया कि फिल्म में करीब 80 से 90 स्थानीय कलाकारों को लिया गया है और सामाजिक कुरीतियों को दर्शाती यह फिल्म दक्षिणी राजस्थान के घने जंगलों में घटित एक वास्तविक घटना से प्रेरित है। 40 दिन में फिल्म का निर्माण किया गया जबकि इसके पोस्ट प्रोडक्शन में करीब चार से पांच महीने लगे है। यह फिल्म नवम्बर में रिलीज होगी। फिल्म का मुख्य किरदार में पुलिस अधिकारी हिमांशु सिंह राजावत है। वहीं इसके साथ बॉलीवुड से जुड़े अभिनेता एहसान खान, मिलिंद गुना, श्याजी शिंदे, रश्मि मिश्रा, सुनील बिश्नोई के किरदार भी इसमें दिखेंगे। रविवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया।

### कवियों ने अपनी रचनाओं से जीता श्रोताओं का दिल

**उदयपुर** । शहर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था लफ़्ज़ों की महफ़िल की हर माह आयोजित होने वाली काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को अशोका पैलेस के बैंक्वेट हॉल में किया गया। इस गोष्ठी में शहर के कई वरिष्ठ और युवा कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं और श्रोताओं का दिल जीत लिया। लफ़्जो की महफिल के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि गोष्ठी में सितम्बर माह में आयोजित काव्य प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए।शेख मुहम्मद हनीफ रिजवी प्रथम स्थान, आशा पाण्डेय ओझा द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान कमल प्रकाश मेहता ने प्राप्त किया। इन्हें विशेष पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शहर के वरिष्ठ साहित्यकार पूनम भू ष्पूनमष, चंद्रेश खत्री, शकुन्तला सोनी, प्रोफेसर कुन्दन माली एवं आशा पाण्डेय ओझा को पगड़ीए शॉल,उपरना ओढ़ाकर तथा अभिनंदन पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संयोजक पं.पुरुषोत्तम शाकद्वीपीय ष्प्रेमीष् ने बताया कि आज की काव्य गोष्ठी में डा. शाहिद इकबाल शेख,कमल प्रकाश मेहता,मनोहर डेम्बला,शाहिद हुसैन शैदा, बंसीलाल लोहार, प्रकाश तातेड,आसमा बेगम,प्रोफेसर विमल शर्मा,डा.राजकुमार राज,सरीता राव,अमृता बोकडिया, रियाज एहमद कंधारी ने अपनी रचनाएं सुनाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

### खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**राजसमन्द।** मेरा युवा भारत राजसमंद एवं मां पिपलाज युवा मंडल खीमा खेडा के संयुक्त तत्वाधान में 2 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, भीम संपन्न हुई। यह जानकारी प्रदान करते हुए युवा मण्डल सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रकाश कुमार भाट ने बताया की इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, सितोलिया, लंबी कूद और भाला फेंक की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में भीम तहसील से कुल 21० खिलाडयिों ने भाग लिया। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में विजेता बरार, उपविजेता मंडावर, महिला वर्ग में विजेता बरजाल, उपविजेता बरजाल, सितोलिया में प्रथम बरार, द्वितीय खीमा खेडा, भाला फेंक में प्रथम जितेंद्र सिंह, द्वितीय कुशाल सिंह, तृतीय दीपाराम, लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम शिवम कुमार द्वितीय राहुल सिंह, तृतीय ओम सिंह, बालिका वर्ग में प्रथम रवीना कुमारी, द्वितीय निर्मला कुमारी, तृतीय कोमल कुमारी रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भीम सीबीईओ मिठू सिंह ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा की ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाते हैं। हमारे युवा देश का भविष्य हैं- यदि उन्हें सही दिशा और अवसर मिले तो वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते है। अध्यक्षता करते हुए मेरा युवा भारत राजसमंद के लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी हनवंत सिंह चौहान ने कहा की युवा नियमित खेलते हुए दूसरे साथियों को भी खेलने के लिए प्रेरित करे। प्रतियोगिताओं में विजेता रही टीमों एवं खिलाडियों को खेल कीट, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में बरजाल प्रिंसिपल लक्ष्मणलाल, सरपंच मीनाक्षी,,पंचायत समिति सदस्य नारायण सिंह, नैना राम, मंजीत सिंह, रोशन लाल, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुनील भाट, कुशाल सिंह सहित कई युवा मौजूद रहे।

### समिति का गठन

**बांसवाड़ा** । ग्राम पंचायत सुन्द्राव में रविवार को ठााम एकीकरण समिति की बैठक बीसीसी प्रभारी रामलाल निनामा व सुखलाल निनामा के सानिध्य में हुई। जिसमें आदिवासी विंगो विस्तार का करते हुए पवन निनामा वीसीसी प्रभारी, फूलचंद पारगी पंचायत प्रभारी, हितेश दायमा बीपीएमएम संयोजक, किशन गरासिया बीपीवायएम संयोजक, राकेश निनामा बीपीवीएम संयोजक, विमल पारंगी बीएपी अध्यक्ष, दिपक पारगी टीइएफ अध्यक्ष, भगुडा निनामा भोपा संघ, सोहनलाल निनामा मेट कोतवाल प्रभारी नियुक्त किए गए। इस अवसर पर राजेंद्र निनामा, रविन्द्र निनामा, हीराभाई छापरा, प्रकाश ताबियार घाणेवा, गौतमलाल, शंभूभाई आदिवासी, हेमेंद्र पारगी, कांतिलाल दायमा, नरेश गरासिया आदि मौजूद रहे।

### स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा** । खमेरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत कार्यवाही कर स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रमेशचन्द्र सेन ने बताया कि रेंज स्तरीय वांछित अपराधियों की धरपकड के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज के निर्देशन में घाटोल वृताधिकारी महेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में थाना स्तर पर गठित टीम ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये दबीशें दी। इस दौरान पुलिस टीम ने स्थाई वारंटी सांवरिया पुत्र शंकरलाल उर्फ शंभुडा निवासी बोरी पुलिस थाना पीपलखूंट जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल रणछोड़लाल व कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहे।

### भट्ट नगर अध्यक्ष मनोनीत

**बांसवाड़ा** । अखिल भारतीय ठााहक पंचायत चित्तौड़ प्रांत के प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश पालीवाल ने जिलाध्यक्ष बापूलाल गर्ग और जिला संगठन मंत्री परमेश्वर लाल की अनुशंसा पर सुभाष भट्ट को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया। प्रांतीय सह सचिव लक्ष्मीकांत भावसार ने बताया कि नगर क्षेत्र में ठााहक पंचायत की गतिविधियों के क्रियान्वयन के साथ ठााहको में जागरूकता और उनके अधिकारों के संरक्षण व हितों और संगठन के विस्तार के लिए उक्त दायित्व तीन वर्षों के लिए दिया जाता है।

### साप्ताहिक गायत्री यज्ञ

**बांसवाड़ा** । महाराणा प्रताप सर्कल के पास निर्माणाधिन गायत्री शक्तिपीठ पर साप्ताहिक गायत्री यज्ञ व दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश भावसार ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बांसवाड़ा डॉ हितेश चंद्र स्वर्णकार, वागड़ी कवि साहित्यकार भागवत कुंदन पंड्या, डॉ युधिष्ठिर त्रिवेदी, पुष्पेंद्र पंड्या, जयप्रकाश द्विवेदी, सुभाष कौशल, कमलेश दोसी व जिले की प्रमुख ट्रस्टी आशा द्विवेदी के आचार्यत्व में गायत्री यज्ञ हुआ। इस अवसर पर माताजी के पाने भी वितरित किए।


**कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द**
**जिला-राजसमन्द**

क्र: नपरा/राजस्व/2025-26/3848 दि.13.10.25

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नारायण लाल पिता श्री रामेश्वर लाल, निवासी पीपली आचार्यान, तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम-धोइन्दा के आराजी नं. 2026 पट्टा नं. 2052 दिनांक 27.10.2006 भूखण्ड संख्या 06 क्षेत्रफल 1569.75 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्त शुदा उक्त भूखण्ड सं. 06 का क्षैत्रफल 1569.75 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/नामांतरण चाही गयी है। जिसके पड़ौस निम्नानुसार है :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्व | :- | 45'6'' | पड़ौस | :- | प्लॉट संख्या 05 |
| पश्चिम | :- | 45'6'' | पड़ौस | :- | प्लॉट संख्या 07 |
| उत्तर | :- | 34'6'' | पड़ौस | :- | रास्ता 30 फीट चौड़ा |
| दक्षिण | :- | 34'6'' | पड़ौस | :- | आराजी का शेष भूमि/मकान |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**